

# शाहगढ़ क्षेत्र में लांच नदी उफान पर

## मेहरबान मानसून के चलते सागर में भी स्कूल के खेल मैदान मिनी तालाब में तब्दील, जिले में भारी वर्षा

नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. बुंदेलखंड के सागर जिले में आषाढ़ माह में मेहरबान मानसून के चलते नदिया उफान पर आ गई और खेल मैदानों ने मिनी तालाब का रूप ले लिया है. गुरुवार-शुक्रवार की रात से ही जिले के अधिकांश क्षेत्रो में बारिश का दौर शुरू हुआ जो आज दिन भर ही चलता रहा है.**

संभागीय मुख्यालय सागर में भी शुक्रवार की सुबह से ही आसमान मे घने काले बादल छाए रहे और बारिश का दौर शुरू हुआ जो रूक रूक कर दिन भर ही चलता रहा है, आज दिन भर सूर्य देवता के दर्शन नही हुए. सागर नगर में ही आज सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक 33 मि.मी. बारिश दर्ज की गई जो कि लगभग एक इंच से अधिक ही है, वही दिन भर बारिश चलती रही है. रूक-रूक कर हो रही झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया. स्कूलों और कॉलेजों के अलावा शासकीय कार्यालयों में भी उपस्थिति कम ही नजर आई. बारिश से नगर के मध्य स्थित स्कूल के खेल मैदान में पानी भर गया तो वही शाहगढ क्षेत्र से निकली लांच नदी उफान पर आ गई. शाहगढ मे पिछले चौबीस घंटे के दौरान मे 28 मि.मी. बारिश दर्ज की गई थी. जिले में एक जून से आज दिनांक तक साढ़े सात इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जिसमे राहतगढ़ क्षेत्र मे सर्वाधिक 12 इंच बारिश दर्ज की गई है.



### बारिश से जलसंकट से मिलेगी राहत नगरवासियों को

**शाहगढ़.** शुक्रवार की सुबह नगरसहित क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई जिससे बारिश में पहली बार नगर की लांच नदी उफन गई. नदी का पानी पुल के ऊपर होने से प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग के दोनों ओर बेरिकेड्स लगाकर लोगों को उफनती नदी से दूर रहने की हिदायत दी गई. विगत तीन माह से जलसंकट से जूझ रहे नगरवासियों ने नदी के उफान पर होने के बाद राहत की सांस ली है. क्षेत्र में दस दिन पहले आये मानसून के बाद भी नगर सहित क्षेत्र के लोग जुलाई माह में भी पेयजल के लिए भटक रहे थे. नगर का जलस्तर इतना नीचे पहुच गया है कि जुलाई माह में भी लोगो को पीने की पानी की समस्या बनी हुई है. नगर में शुक्रवार को हुई बारिश से लांच नदी लगभग दो घंटे तक पुल के ऊपर रही जिससे नगर का जलस्तर बढ़ेगा लोगो को जलसंकट से निजात भी मिलने की उम्मीद है. नगर में अभी तक लगभग 9 इंच बारिश हो चुकी है वही शुक्रवार को 28 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई .

# रक्तदान बहुत ही श्रेष्ठ कार्य : रविशंकर महाराज

नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. रक्त ऐसी ईश्वरीय देन है जिसे कृत्रिम रूप से निर्मित नहीं किया जा सकता,किसी मनुष्य के दान से ही इसकी उपलब्धता संभव हो सकती है, इसलिए रक्तदान महादान है.**

यह उद्‌गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में वेदांती आश्रम में रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर व नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. श्री सिंह ने बताया कि महाराज जी की प्रेरणा से ही हमने अपने कार्यालय में नि:शुल्क ब्लड हेल्पलाइन सेवा आरंभ की जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को शीघ्रता से ब्लड उपलब्ध कराया जाता है.



इस अवसर पर रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार ने कहा कि सब कुछ प्राप्त हो सकता पर ब्लड नहीं मिल सकता जब तक कि कोई मनुष्य रक्तदान के माध्यम से रक्त नहीं दे, रक्त दान बहुत ही श्रेष्ठ कार्य है. उन्होंने कहा टीकाकरण भी बहुत आवश्यक है, ऐसे कार्यों में सभी सहयोग दें. आरएसएस के विभाग प्रचारक आस्तिक ने कहा कि श्री रामायण जी का अवगाहन है कि बिना हरि की कृपा के प्राप्ति नहीं हो सकती. महाराज जी को देखने का अनुभव अलग ही है. सेवा, धर्म का प्रचार, समरसता के कार्य, वेद आध्यात्म की शिक्षा के साथ साथ महाराज जी के प्रकल्पों में लौकिक शिक्षा भी समाज को मिलती है. मनुष्य को 16 संस्कारों और चार पुरुषार्थों की शिक्षा यहां वेदपाठी विप्रों को प्राप्त होती है. वेदांती आश्रम पहुंचे पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार व अन्य अतिथियों के साथ रक्तदाताओं को प्रमाणपत्रों का वितरण किया.

## एक नजर में



### शिशु वाटिका का निरीक्षण किया

**रहली.** सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ाकोटा के व्यवस्थापक मनोज तिवारी का सरस्वती शिशु मंदिर रहली में आगमन हुआ .व्यवस्थापक मा .यशवंतसिंह ठाकुर एवं प्राचार्य रामस्वरूप विश्वकर्मा ने श्री तिवारी का स्वागत किया. उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया एवं शिशु विभाग का भ्रमण कर शिशुवाटिका को श्रेष्ठ बताया एवं प्रशंसा की.



### बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**बांदरी.** शासकीय माध्यमिक शाला हिन्नौद का बीईओ सृष्टि पटैल ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने शाला भवन की स्थिति का जायजा लिया, बच्चों का फीडबैक लिया. शाला प्रभारी रानी पाठक ने नामांकन के बारे में जानकारी दी. अतिक्ति कक्ष व शिक्षक की मांग की. किचिन शेड के क्षतिग्रस्त होने से होने वाली असुविधाओं के बारे में अवगत कराया. बीईओ ने पोषण आहार व्यवस्था पर संतोष जताया. जनशिक्षक मनोज चौबे ने बताया कि राशि आवंटित होने के बाद लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा. शाला भवन में पानी भराव को लेकर जानकारी दी गई.



### कन्यादान की राशि दिलाने ज्ञापन सौंपा

**राहतगढ़.** 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर वार्ड नंबर 15 की पार्षद सीता भारती ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कन्याओं की विवाह राशि सावन के पहले प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास में आ रही परेशानी को दूर किया जाए. लाडली बहना योजना में नाम जोड़े जाने, नगर में गंदा एवं बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है. वर्षाकाल में ट्यूबवेल का पानी टैंकरो से नगर में सप्लाई किया जाए. इस मौके पर राजू अहिरवार, नंदकिशोर भारती, असलम मंसूरी, मौजूद थे.



### सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी गई विदाई

**सागर.** बरौदा संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला हिन्नोद में शिक्षक गिरीश पवार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया. बीईओ तथा संकुल प्राचार्य के अलावा जनशिक्षक मनोज चौबे व विशाल तिवारी ने भी सम्मान किया. शिक्षक रामशंकर पाठक, ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले .अपने खर्च पर स्लेट-पेंसिल तक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराते थे.



### वी क्लब की मासिक बैठक आयोजित

**सागर.** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट सागर प्रगति जुलाई माह की बैठक संपन्न हुई. क्लब संस्थापिका विनीता केशरवानी ने क्लब की सारी जानकारी दी. बैठक के बाद वृक्षारोपण किया गया. क्लब अध्यक्ष वी शशि साहू ने सभी सदस्यों का आभार माना. बैठक में संध्या गुप्ता, कंचन केशरवानी, उमाकांती साहू, अलका केशरवानी, माया केसरवानी, रोहिणी साहू आदि मौजूद रहीं.

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र निरस्त

नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. नगर निगम में गलत तरीके से जीवित व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने मृत्यु प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए संबंधित आवेदक के विरुद्ध जांचकर पुलिस में एफआईआर दर्ज करने की निर्देश दिए थे जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तथा जांच उपरांत संबंधित आवेदक के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज की जाएगी.**

स्वच्छता अधिकारी एवं पंजीयक जन्म मृत्यु शाखा राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि 5 दिसंबर 2023 को दीपा चढ़ार ने नगर निगम कार्यालय में आवेदन दिया था जिसमें उसने अपने पति कपिल कुमार चढ़ार की मृत्यु 13 नवंबर 2023 को होना बताया था, आवेदन के साथ संबंधित महिला ने समग्र आईडी आधार कार्ड भी संलग्न किए थे. जन्म मृत्यु शाखा द्वारा आवेदन को पंजीकृत कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था. मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में कपिल चढ़ार की बहन दीपा चढ़ार निवासी ग्राम बंधा चढोरी तह. घुवारा द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी.

# पूर्व जपं अध्यक्ष पर मामला दर्ज, ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. जिला क्षत्रिय समाज द्वारा मालथौन जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह पर मामला दर्ज किए जाने के विरोध स्वरुप कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन में जिला क्षत्रिय समाज द्वारा मांग की गई कि इस तरह का कृत्य करने वाले पुलिस अधिकारी को निलंबित करें एवं श्री सिंह पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत दर्ज झूठे प्रकरण की जांच सक्षम वरिष्ठ अधिकारी से कराये जाकर मामले में खातमा/खारजी लगायी जाये साथ ही जांच होने तक थाना मालथौन एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया जावे कि जांच दौरान उक्त मामले में किसी भी व्यक्ति की गिरफतारी ना की जावे. ज्ञापन में क्षत्रिय समाज द्वारा चेतावनी दी गई यदि उक्त संबंध में शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो जिला क्षत्रिय समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेगा. इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, हरीराम सिंह ठाकुर, देवेन्द्र सिंह केसली, धीरज सिंह, राजकुमार सिंह बरकोटी, सुरेन्द्र सिंह मौजूद थे.



### प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल आज सागर आयेंगे

**सागर.** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 5 जुलाई को सागर का दौरा करेंगे. वे प्रात: 8 बजे रीवा जिले से सागर के लिए प्रस्थान करेंगे. दोपहर 2 बजे श्री रावतपुरा सरकार वेदांती आश्रम में आयोजित श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे.

### सागर मौसम

अधिकतम 24.9 (-9)
न्यूनतम 23.7 (-1)
कुल बारिश : 182.1

# लैपटॉप मिलने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

नवभारत न्यूज

**बंडा 4 जुलाई. पीएमश्री शासकीय कन्या स्कूल में लैपटॉप योजना के अंतर्गत मॉडल स्कूल के 54 छात्र-छात्राओं और कन्या स्कूल की 24 छात्राओं को लैपटॉप की राशि अंतरित की गई.**

मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि डिजिटल युग में जुड़ने का मौका मिलता है. छात्राओं को मिलने वाला लैपटॉप अहम भूमिका निभाएगा. कन्या स्कूल प्राचार्य संतोष चौरसिया ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 22 प्रतिशत से बढ़कर 88 प्रतिशत हो गया.



सहायक संचालक श्रीमती सृष्टि जैन ने कहा कि विद्यालय का स्टाफ प्राचार्य के मार्गदर्शन में अच्छा कार्य कर रहा है और उसी का परिणाम है कि 24 छात्रों को लैपटॉप की राशि प्राप्त हो रही है. कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश पटारी और विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे. संचालन देवेंद्र सिंह ठाकुर ने किया.

### मुनिसंघ का प्रवेश आज

**रहली.** निर्यापक श्रमण श्री अभय सागर मुनि प्रभात सागर मुनि चंद्र सागर, मुनि निरीह सागर, ऐलक श्री उद्यम सागर, ऐलक श्री गरिष्ठ सागर महाराज वर्ष 2025 का मंगल चातुर्मास, पुण्यभूमि रहली पटनागंज में, संतशरण और दिव्य वातावरण में सुसंपन्न होने जा रहा है. जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के मंगल वर्षायोग का प्रथम शुभ आयोजन अभय सिंधु ससंघ का महामंगल प्रवेश 5 जुलाई शनिवार को प्रात. 7 बजे होने जा रहा है आगवानी अस्पताल चौराहा वाई पास पर होगी.

# नोटरी पब्लिक संघ की बैठक



नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. नोटरी पब्लिक अधिकारी संघ की बैठक पुस्तकालय भवन जिला न्यायालय परिषर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित हुई.**

बैठक में नोटरी से संबंधित कार्यों एवं दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा करके नोटरी शुल्क, स्टांप टिकट एवं नोटरियों से संबंधित आ रही शिकायतों के संबंध में निर्णय लिए गए. बैठक में नोटरी अधिवक्ताओं के द्वारा दिए गए सुझावों को लिखा किया गया एवं लिए गए निर्णय को अमल में लाने के लिए वर्किंग कमेटी का गठन किया गया जो एक सप्ताह के भीतर रूपरेखा तैयार करेगी. वर्किंग कमेटी में लखन राठौर, राजेंद्र दुबे, राजेश मिश्रा, शिवदयाल बडोनिया, जगदीश विश्वकर्मा नियुक्त किए गए.



# बरसते पानी में धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**बीना 4 जुलाई. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत 403 जोड़ों के विवाह आयोजित किए गए थे.**

अभी तक इन कन्याओं के खातों में राशि ना आने पर पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने जनसुनवाई में कई हितग्राहियों के साथ इन्होंने एसडीएम विजय डेहरिया ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि यह राशि कन्याओं के खाते में शीघ्र नहीं पहुंची तो हम महात्मा गांधी तिराहा पर धरना प्रदर्शन करेंगे. श्री ठाकुर के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार हेमराज सिंह मेहर ज्ञापन सौंपा. गांधी तिराहा पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया. श्री ठाकुर ने कहा जो पंजीयन जपं और नपा में होने थे विधायक ने अपने कार्यालय में बैठकर करवाएं जिसमें शुरू से ही भ्रष्टाचार की शंका हो रही थी. इस दौरान इंदर सिंह यादव, अनुराग ठाकुर, शालू बिलगैया, चंद्रशेखर बबलू राज, अशोक परिहार, प्रमोद राय, मोतीलाल अहिरवार, सुखलाल अहिरवार, सुरेंद्र सिंह लोधी, जाहर सिंह मौजूद थे.

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**ललितपुर.** आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई. थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम बूटी निवासी 35 वर्षीय गब्बर यादव अपने खेत में मूंगफली की फसल देखने गए थे. बारिश शुरू होने पर वह घर लौट रहे थे. इसी दौरान उन पर आकाशीय बिजली गिर गई. बिजली की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि गब्बर अपने परिवार में इकलौता कमाने वाला सदस्य था. उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं, वह खेती-किसानी से परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे. थानाध्यक्ष बानपुर अरुण तिवारी ने घटना की पुष्टि की, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. राजस्व विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

# प्रमं मातृ वंदन योजना की प्रगति कम

## नवागत संभागायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में नाराजगी जताई गई

नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए.**

कमिश्नर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी उनके लिए नियत किए गए मुख्यालय में रह कर अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें, इससे उनके शासकीय कार्यों में गतिशीलता आएगी. कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को पोषण आहार और सभी संदर्भ सेवाएं मिलना चाहिए. उन्होंने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुलें आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की समुचित संख्या हो इसकी व्यवस्था अधिकारी सुनिश्चित कराएं. कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने निर्देश सागर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए. कमिश्नर ने समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मिले.




# मोहरर्म पर्व पर निकाले गए अलम

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 4 जुलाई. इस्लामी तारीख सात मोहर्रम को सभी तजियादारों ने अपने-अपने अलम निकाले. जो दरगाह हजरत बाबा सदनशाह से ईमाम चौक नदीपुरा जूलूस के रूप मे काफिला चला. ईमाम चौक पर जहाँ सलाम पेश किया गया और लंगर का एहतमाम किया.**

हजरत ईमाम हुसैन और उनके साथ शहीद हुए उनके तमाम साथियों की याद को ताजा कर गए. वैसे तो इस्लामी तारीख के हिसाब से चाँद की एक तारीख से दस तारीख तक ईमाम हुसैन की याद मे मुस्लिम समुदाय नियाज कर्बला की शहीदी पढ़ कर उनको याद करते रहतें है. अलम के के दौरान ताजिया कमेटी सदर रमजान अली, मोहम्मद नसीम, रज्जब अली, जावेद किरमानी, साकिर मंसूरी, रफीक अली, अकबर अली, इमरान मंसूरी, युसूफ मंसूरी, फरीद अली, हैदर अली,कलीम खान मौजूद रहे.



मुहर्रम महीने के 10 वें दिन को आशूरा कहते है. आशूरा के दिन हजरत रसूल के नवासे हजरत इमाम हुसैन को और उनके बेटे घरवाले और उनके साथियों को करबला के मैदान में शहीद कर दिया गया था. मुहर्रम इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का एक प्रमुख त्यौहार है.




# वृद्धाश्रम में नेत्र शिविर में जांच

नवभारत न्यूज

**सागर 4 जुलाई. रोटरी क्लब द्वारा आनंद वृद्धाश्रम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में 33 बुजुर्गों को चश्मे क्लब द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराए गए इसके साथ ही आवश्यक दवाइयां, फल, कपड़े, चादर आदि भी वितरित किए गए. इस दौरान क्लब के अध्यक्ष आरओ आशीष सिंह, ऋतुराज जैन, वर्धमान मलैया, सौरभ रांधेलिया, विजय वर्मा, प्रिंस जैन, नेवी जैन, राम पाठक, अशोक वीर, वीनू राणा, नितिन साहू, राजीव चौरसिया, शरद पोद्दार, अंशुल केरशरवानी, रूही जैन, हनी जैन, पारुल सिंह आदि भी मौजूद थीं.

### अतिक्रमण हटाया गया

**सागर.** सीएमओ पवन शर्मा द्वारा मकरोनिया चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु अतिक्रमण की कार्यवाही की गई. कार्रवाई के दौरान मकरोनिया चौराहे के आसपास यातायात को प्रभावित कर रहे पेड़ो की छंटाई, जर्जर भवन नालियों पर रखी गुमटी, टीन शेड दुकानों के सामने रखी गई अतिक्रमण सामग्री को भी जप्त किया गया एवं दुकानदारों को समझाइश दी गई कि आगे से बह अतिक्रमण न करें. अतिक्रमण कार्यवाही के दौरान नपा उपयंत्री एवं अतिक्रमण प्रभारी श्रीमति वर्षा साहू एवं नगर पालिका अतिक्रमण टीम उपस्थित थी.